बिहार सरकार
ऊर्जा विभाग

पत्रांक–प्र0 / BSPTCL–11 / 2026– /पटना, दिनांक–

सेवा में,

महालेखाकार (लेखा एवं हक0),
बिहार, वीरचन्द पटेल मार्ग, पटना।

विषयः– **बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कं0 लि0 के क्षेत्राधीन कार्यरत ग्रिड उपकेन्द्र दरभंगा एवं खगौल में 02 अदद् 200 एम0वी0ए0 पावर ट्रांसफॉर्मर स्थापित करने हेतु कुल 33.44 करोड़ (तैंतीस करोड़ चौवालीस लाख) रूपये की नयी योजना की स्वीकृति एवं इस योजना के कार्यान्वयन हेतु वित्तीय वर्ष 2026–27 में 4.88 करोड़ (चार करोड़ अठासी लाख) रूपये बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कं0 लि0 को उपलब्ध कराने की स्वीकृति प्रदान करने के संबंध में।**

आदेश–स्वीकृत।

राज्य में विद्युत आपूर्ति की माँग में दिनो–दिन वृद्धि हो रही है। इस हेतु विद्युत प्रणाली के सुदृढ़ीकरण की आवश्यकता है।

2. दरभंगा ग्रिड उपकेन्द्र पर 220 एम0वी0ए0 के दो ट्रांसफॉर्मर पूर्व से ही उपलब्ध हैं लेकिन निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु एक अतिरिक्त 200 एम0वी0ए0 के ट्रांसफॉर्मर की आवश्यकता है। इस अधिष्ठापन से N-1 compliance भी पूर्ण होगी। पटना के खगौल ग्रिड उपकेन्द्र पर 3X200 एम0वी0ए0 के ट्रांसफॉर्मर पूर्व से उपलब्ध है। बढ़ती विद्युत माँग को ध्यान में रखते हुए एक अतिरिक्त 200 एम0वी0ए0 के ट्रांसफॉर्मर की आवश्यकता है।

3. इस योजना के कार्यान्वयन के पश्चात प्रस्तावित क्षेत्र में विद्युत संचरण के क्षमता में विस्तार, गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध विद्युत उपलब्ध हो सकेगा।

4. अतएव बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कं0 लि0 के क्षेत्राधीन कार्यरत ग्रिड उपकेन्द्र दरभंगा एवं खगौल में 02 अदद् 200 एम0वी0ए0 पावर ट्रांसफॉर्मर स्थापित करने हेतु नयी योजना तैयार की गयी है जिसकी अनुमानित लागत 33.44 करोड़ रूपये आकलित की गयी है।

5. उक्त आलोक में बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कं0 लि0 के क्षेत्राधीन कार्यरत ग्रिड उपकेन्द्र दरभंगा एवं खगौल में 02 अदद् 200 एम0वी0ए0 पावर ट्रांसफॉर्मर स्थापित करने हेतु कुल 33.44 करोड़ (तैंतीस करोड़ चौवालीस लाख) रूपये की नयी योजना की स्वीकृति एवं इस योजना के कार्यान्वयन हेतु वित्तीय वर्ष 2026–27 में 4.88 करोड़ (चार करोड़ अठासी लाख) रूपये बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कं0 लि0 को उपलब्ध कराने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

6. उक्त राशि माँग सं0–10, मुख्य शीर्ष 4801–बिजली परियोजनाओं पर पूँजीगत परिव्यय–उप मुख्य शीर्ष–05 संचरण तथा वितरण, लघु शीर्ष–190–सार्वजनिक क्षेत्र के तथा अन्य उपक्रमों में निवेश, उपशीर्ष–0105–बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कं0 लि0 की

परियोजना, विपत्र कोड–10–4801051900105 विषय शीर्ष 5401–निवेश के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026–27 में उपबंधित राशि से विकलनीय होगा।

7. इस राशि की निकासी उप सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, ऊर्जा विभाग, बिहार, पटना के द्वारा CFMS के माध्यम से सचिवालय कोषागार, सिंचाई भवन, पटना से कर बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कं0 लि0 के व्यक्तिगत लेखा खाता (पी0एल0 खाता–PTSPLA014) के मुख्य शीर्ष 8448–स्थानीय निधियों की जमा, उप मुख्य शीर्ष–00, लघु शीर्ष–120–अन्य निधियाँ, उपशीर्ष–0044–बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कं0 लि0, व्यय शीर्ष–L8448001200044 एवं प्राप्तियाँ–K–8448001200044 में जमा की जाएगी।

8. बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कं0 लि0 द्वारा राशि की निकासी कोषागार में खोले गए CFMS खाता संख्या–PTSPLA014 से की जाएगी।

9. वित्त विभाग के परिपत्र संख्या–7355 दिनांक–05.10.2007 के अनुसार इसमें महालेखाकार, बिहार, पटना से प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं है।

10. उक्त प्रस्ताव की स्वीकृति हेतु मंत्रिपरिषद् का अनुमोदन संचिका संख्या–प्र0/BSPTCL–11/2026 के पृष्ठ संख्या–17/टि0 पर दिनांक–28.10.2026 को प्राप्त है।

11. राज्यादेश पर आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका संख्या–प्र0/BSPTCL–11/2026 के पृष्ठ संख्या–20/टि0 पर दिनांक–29.10.2026 को प्राप्त है।

12. प्रस्ताव एवं प्रारूप पर सचिव का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,
ह0/–
(सुधा गुप्ता)
सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक–प्र0/BSPTCL–11/2026– /पटना, दिनांक–

प्रतिलिपिः–महालेखाकार(लेखा परीक्षा), बिहार, पटना/कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, सिंचाई भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक–प्र0/BSPTCL–11/2026– 5450 /पटना, दिनांक– 02.11.2026

प्रतिलिपिः–वित्त विभाग, बजट शाखा/प्रधान सचिव, वित्त विभाग, बिहार, पटना/अपर मुख्य सचिव, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/उप सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, ऊर्जा विभाग, पटना/बजट शाखा, ऊर्जा विभाग, पटना/लेखा शाखा, ऊर्जा विभाग (तीन प्रतियों में), पटना/अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट पावर (हो0) कं0 लि0/प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कं0 लि0 एवं आई0टी0 मैनेजर, ऊर्जा विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

02.11.26
सरकार के संयुक्त सचिव।